# सोना और चांदी लगातार महंगे, फिर भी मांग

## ग्राहक अब कम वजन के गहने, बिस्किट, थाली खरीद रहे

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 12 अक्टूबर. इस समय सोना और चांदी दोनों की कीमतें लगातार बढ़ रहीं हैं. बढ़ती कीमतों के बावजूद लोग गहने खरीदने में पीछे नहीं हट रहे हैं. वहीं निवेशक अब पारंपरिक गहनों से आगे बढ़कर गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की ओर रुख कर रहे हैं. राजधानी के ज्वैलर्स के अनुसार बढ़ती कीमतों में भी गोल्ड लोन लेने वालों की संख्या तो बढ़ी है. लेकिन खरीदारी में कमी आई है. ग्राहक 10 ग्राम की जगह 8 ग्राम खरीद रहे हैं. शहर के कई बैंक और वित्तीय संस्थान आकर्षक ब्याज दरों पर लोन भी भी दे रहे हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारी खर्च और व्यापारिक जरूरतों को पूरा करने के लिए लोग सोने के बदले ऋण लेना सुरक्षित विकल्प मान रहे हैं.**



### निवेश के नए रास्ते खुले

निवेश विशेषज्ञों के अनुसार भोपाल में अब बड़ी संख्या में निवेशक गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में पैसा लगा रहे हैं. देशभर में सितंबर में गोल्ड ईटीएफ में 8363 करोड़ और सिल्वर ईटीएफ में 5342 करोड़ रुपये का निवेश दर्ज हुआ, जिसका असर भोपाल जैसे शहरों में भी दिखाई पड़ रहा है.

शहर के प्रमुख ज्वेलर्स का कहना है कि इस बार अग्रिम बुकिंग पहले से ज्यादा हुई है. ग्राहक अब हल्के वजन के डिजाइनर गहनों और सोने के सिक्कों को खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं. कई परिवार निवेश के उद्देश्य से सोने की बजाय सिल्वर बिस्किट और ईटीएफ की ओर रुख कर रहे हैं. सिल्वर ईटीएफ यानी सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड, चांदी में निवेश का एक आधुनिक तरीका है. इसमें असली चांदी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि शेयर बाजार के जरिए उसके दामों में बढ़ोतरी से फायदा मिलता है. यह सुरक्षित, पारदर्शी और आसान निवेश विकल्प है.



> करवा चौथ पर्व बीत चुका है, क्वांटिटी के अनुसार देखें तो बिक्री कम हुई है. अब आगे धनतेरस और दिवाली है. दाम बढ़ने से लोग सोना कम खरीद रहे हैं, लेकिन फिर भी बिक्री बढ़ी है.
> **शोभित अग्रवाल,** अग्रवाल ज्वेलर्स, टीटी नगर, भोपाल



> धनतेरस और दिवाली में सोने और चांदी के बिस्कुट की डिमांड ज्यादा होती है. ग्राहक ज्वेलरी से अधिक बिस्कुट, थाली और सिक्कों को लेना पसंद करते हैं.
> **अभिलाष जैन,** एम ज्वेलर्स, टी टी नगर, भोपाल

**कीमतें और बढ़ने के संकेत:** विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले महीनों में सोने और चांदी दोनों के दामों में और बढ़ोतरी संभव है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग और आपूर्ति के अंतर से कीमतों में बढ़त बनी रह सकती है. सराफा व्यापारी मानते हैं कि यह दौर न केवल निवेशकों, बल्कि खुदरा खरीदारों के लिए भी सोने की चमक में नई उम्मीदें जगा रहा है.



# राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन में दौड़े युवा

## एचआईवी को लेकर लोगों को किया जागरूक

**भोपाल, 12 अक्टूबर.** राष्ट्रीय सेवा योजना (प्रकोष्ठ) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की संगठित व्यवस्था में, मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति, भोपाल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, मध्यप्रदेश रेड रिबन क्लब की संयुक्त पहल के अंतर्गत रविवार को यूथ अगेंस्ट एचआईवी/एड्स राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन 2025 का आयोजन किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए. इस अवसर पर मनोज कुमार अग्निहोत्री ने कहा कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी होती है. अशोक कुमार श्रोती ने कहा कि यह दौड़ एच.आई.वी./एड्स के प्रति जन-जागरुकता फैलाने की एक अत्यंत सराहनीय पहल है. सुचिस्मिता सक्सेना ने कहा कि एच.आई.वी./एड्स के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने में युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है. यह अभियान केवल दो महीनों का न रहकर निरंतर जारी रहना चाहिए. मैराथन के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को नगद राशि, ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.



# छठ पूजा के लिए घाटों का किया निरीक्षण

**मंडीदीप, 12 अक्टूबर. नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने समाज के प्रतिनिधियों के साथ नगर के सभी सातों छठ घाटों का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था एवं क्षतिग्रस्त कृत्रिम कुंडों की मरम्मत के निर्देश दिए.**

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं — सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं कुंड की मरम्मत समय पर पूरी की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो. नपाध्यक्ष ने सभी घाटों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कर श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया.




### वर्षावास कार्यक्रम में शामिल हुए सबनानी

**भोपाल.** भाजपा प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी रविवार को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के प्रेम नगर स्थित आम्रपाली बौद्ध विहार में आयोजित वर्षावास समाप्ति कार्यक्रम में सम्मिलित हुए.

## बैरसिया में निकला त्रिशक्ति संगम पथ संचलन

**बैरसिया.** रविवार को बैरसिया नगर आरएसएस का विशाल त्रिशक्ति संगम पथ संचलन निकला. नगर के छह केंद्रों से प्रारंभ हुए पथसंचलन का बस स्टैंड चौराहे पर संगम हुआ. पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड चौराहा, शिवाजी बस्ती, रेंज चौराहा, तलैया चौक, बालविहार, अटल पार्क, चंद्रशेखर आजाद बस्ती, बड़ा मंदिर बसई, लौहारपुरा, खटलापुरा, सांवलिया मंदिर से गुजरता हुआ दशहरा मैदान में संपन्न हुआ. पथ संचलन में 5 हजार स्वयंसेवक गणवेश में कदमताल मिला कर चले. जिनका नगर में अनेको जगह धार्मिक एव सामाजिक संथाओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया.



# कला प्रदर्शनी में देश भर के 21 कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित

**भोपाल. प्रयास आर्ट गैलरी के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कला प्रदर्शनी गैलरी में आयोजक महेश शावरीकर द्वारा सृजनात्मक भावना के साथ प्रस्तुत की गई.**

प्रदर्शनी का उद्घाटन पद्मश्री हरचंदन सिंह भट्टी ने किया. देशभर से आए 21 कलाकारों की उत्कृष्ट कृतियाँ प्रदर्शित की गईं, जिनमें किसी ने जलरंग की पारदर्शिता में जीवन रचा, तो किसी ने अमूर्त कला की गहराइयों में भावनाओं की लहरें बुनीं.

# बैरसिया क्षेत्र में 46 हजार बच्चे पिएंगे पोलियो की दवा

## सिविल अस्पताल में दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ

**बैरसिया, 12 अक्टूबर. रविवार को सिविल अस्पताल बैरसिया में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प व दीप प्रज्वलित कर की गई.**

इस दौरान सीबीएमओ डॉ. पुष्पा गुरु के साथ जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर, राजेंद्र त्यागी नायब तहसीलदार एवं कोल्ड चेन प्रभारी अशोक सिरोलिया ने बच्चों को जिंदगी के लिए दो बूंद दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया.



सीबीएमओ डॉ. पुष्पा गुरु ने बताया रविवार, सोमवार ओर मंगलवार तीन दिन पल्स पोलियो अभियान चलेगा. इसमें जन्म से 5 साल तक के 46 हजार 383 बच्चों को 329 पोलियो बूथों पर 870 टीका कर्मी दवा पिलाने तैयार किए गए है. साथ ही सात संस्थागत पोलियो बूथ हैं.

> मॉनिटरिंग के लिए 12 ट्रांजिट टीम एवं 22 सेक्टर पर 41 सुपरवाइजर ओर 6 मोबाइल टीम गठित है. टीका कर्मी 12 को बूथों पर 13, 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे. इस अवसर पर अर्जुन ठाकुर, राम सिंह उईके, वंदना कुलश्रेष्ठ, ममता, अरविंद कोठियां, अरुण कुमार भाऊ सहित स्टॉफ मौजूद था.

## किरण सिंह राठौड़ बनीं प्रदेश अध्यक्ष

**भोपाल.** राजपूत करणी सेना ने किरण सिंह राठौड़ को करणी सेना मध्यप्रदेश महिला इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है. यह नियुक्ति करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराणा की सहमति से की गई है.



प्रदेश प्रभारी दिलीप सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष सहेन्द्र सिंह ने किरण सिंह को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है.

# अधिकारी पीड़ित और न्याय के बीच की कड़ी : सिंह

▶ अभियोजन की राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित

**भोपाल, 12 अक्टूबर, प्रदेश के समस्त डीडीपी और डीपीओ अभियोजन की राज्यस्तरीय कार्यशाला रविवार को हुई. लोकायुक्त मध्यप्रदेश सत्येन्द्र सिंह इसमें मुख्य अतिथि रहे.**




विशिष्ट अतिथि के रूप में उप लोकायुक्त एन.पी. सिंह शामिल हुए. संचालक लोक अभियोजन बी.एल. प्रजापति ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. जनसंपर्क अधिकारी भोपाल संभाग मनोज त्रिपाठी ने बताया कि मप्र के सभी जिलों के समस्त उप-निदेशक एवं सहायक निदेशक अभियोजन की एक दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला भोपाल में आयोजित की गई.

मुख्य अतिथि सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि अभियोजन अधिकारी पीड़ित और न्याय के बीच की कड़ी होते हैं. उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन बड़ी सावधानी एवं सतर्कता के साथ करना चाहिए, क्योंकि उनका कार्य महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ पुनीत भी होता है. उप लोकायुक्त एन.पी. सिंह ने कहा कि, नवीन अभियोजन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए.



# खुशियों का वितरण केंद्र ने बांटी छात्रवृत्ति

**भोपाल, 12 अक्टूबर. 2020 खुशियों का वितरण केंद्र ने रविवार को विद्यार्थियों को मासिक छात्रवृत्तियाँ वितरित कीं. इन विद्यार्थियों के अभिभावक मजदूरी करके अपना जीवनयापन करते हैं.**

कार्यक्रम में डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक (सेवानिवृत्त) पीआर बघेल तथा कविता भारती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

उन्होंने विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान कीं. इन छात्रवृत्तियों का प्रायोजन निश्का, कछेदी लाल शीलन बाई ट्रस्ट, अमल राज जैन और सुशील रूबी जैन द्वारा किया गया.

# बिग बी के जन्मदिन पर 13 गायकों ने गाए 30 गीत

**भोपाल, 12 अक्टूबर. स्वर आराधना म्यूज़िकल ग्रुप ने महानायक अमिताभ बच्चन का 83 वाँ जन्मदिन रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागृह में 13 गायकों के 30 गीतों के साथ मनाया. आयोजन के मुख्य सूत्रधार जानेमाने सिंगर राकेश अग्रोयी और रूपाली बागडे थे.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोरंजन जगत के प्रमुख किरदार प्रदीप शर्मा थे, प्रमुख अतिथि राजीव श्रीवास्तव, विशेष अतिथि संगीत गुरु अश्विना राँगणेकर तथा सिंगर और लेखक पंकज पाठक, सेवानिवृत्त आईएफ़एस एके श्रीवास्तव थे. कार्यक्रम में गायक और अदाकार विपिन शर्मा और मुम्बई से आए शशि कपूर के हम शक्ल रईस ख़ान ने फ़िल्म में दीवार के एक दृश्य को जीवंत किया जिसमें विजय और रवि के रूप में अमिताभ बच्चन और शशि कपूर ने यादगार भूमिकाएँ निभाई थीं.



> प्रदीप शर्मा ने बड़ी सुनी है ज़िंदगी को बड़ी खूबसूरती से पेश किया. उनके अलावा कार्यक्रम में अजय खंगन, सुरेश मालवीया, अजय मालवीय, हरीश जाँगीड़, राजेश श्रीवास्तव, तुशार, डॉ शेफाली जैन, डॉ छाया बाथम, आनंद, मोहन सहित और भी गायकों ने अपनी प्रस्तुति दी और समूह गायन में उनका साथ दिया.

गायक और डांसर आलोक श्रीवास्तव ने फ़िल्म डॉन के खाई के पान बनारस वाला पर खूब वाहवाही लूटी. यह गीत विपिन ने भी नृत्य के साथ ज़ोरदार अंदाज़ में पेश किया. आयोजन में शहर के नामचीन गायकों के साथ ही वादकों की प्रस्तुतियाँ भी हुई. राकेश और रूपाली के द्वारा जब फिल्म नमक हलाल का गीत पग घूंघरू बाँध मीरा नाची थी गाया.



# मंडीदीप में निकाला पद संचलन

**मण्डीदीप, 12 अक्टूबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक शताब्दी लम्बी यात्रा संघर्ष, सेवा, समर्पण, संगठन और मूल्य-आधारित कार्यों से परिपूर्ण रही है, जिसका गहरा प्रभाव भारतीय समाज पर दिखाई देता है. इसकी विचारधारा समावेशिता और एकता पर आधारित है. उपरोक्त बात राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रान्त ग्राम विकास प्रमुख ब्रजकिशोर भार्गव ने कही. वह शासकीय खेल पर आयोजित पथ संचलन के दौरान बोल रहे थे.**

उन्होंने बताया कि पथ संचलन का मुख्य उद्देश्य समाज में राष्ट्रप्रेम और धर्मनिष्ठा की भावना जागृत करना है. इसके तहत नगर में अनुशासन का परिचय देते हुए आरएसएस का पथ संचलन निकला. नगर में जगह-जगह फूलों की वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत हुआ. जिसमें नगर में जनशताब्दी वर्ष के अवसर पर नगर में कृषि उपज मण्डी प्रांगण, नक्षत्र गार्डन, महावीर कालोनी, व शासकीय खेल मैदान पर स्वयं सेवक एकत्र हुए. एक कतार में खड़े होकर सभी ने अनुशासन का परिचय दिया . शहर के मुख्य मार्गों से पथ संचलन निकाला गया.

**समाज उत्थान** | बच्चों की शिक्षा, समाज में संस्कार एवं संस्कृति के संरक्षण जैसे विषयों पर हुई चर्चा

# रघुवंशी समाज की बैठक में लिए कई अहम फैसले

**भोपाल, 12 अक्टूबर. रघुवंशी समाज की एकता और अखंडता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भोपाल के जवाहर चौक स्थित रघुवंशी समाज भवन में अखिल भारतीय अखंड क्षत्रिय रघुवंशी परिषद के प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में समाज के उत्थान और विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.**

बैठक के संबंध में राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेन्द्र शंकरसिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों की शिक्षा, समाज में संस्कार एवं संस्कृति के संरक्षण जैसे विषयों पर भी गहन चर्चा हुई . समाज के नवयुवकों को शिक्षित, संगठित और संस्कारवान बनाने के लिए विशेष योजनाएं बनाने पर सहमति बनी. इस अवसर पर अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक वीरेंद्र सिंह रघुवंशी (पूर्व विधायक), संरक्षक गजेंद्र सिंह रघुवंशी, राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर रघुवंशी, कांग्रेस विधायक सुजीत रघुवंशी, प्रदेश अध्यक्ष पहलाद सिंह रघुवंशी एवं अनुसूया रघुवंशी, प्रदेश युवा अध्यक्ष चंद्रशेखर रघुवंशी, राष्ट्रीय महासचिव शक्ति सिंह रघुवंशी सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.



> बैठक में समाज की एकता, शिक्षा, सेवा और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया. प्रदेश भर में विजयादशमी के पावन पर्व पर समाज के युवाओं द्वारा आयोजित शस्त्र पूजन के लिए युवाओं को सम्मानित किया गया. समाज जनों ने तमिलनाडू में प्रभु श्री राम के पुतले को जलाने की घटना का कड़ा विरोध कर मध्यप्रदेश सरकार के माध्यम से तमिलनाडू सरकार से अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है.

## श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन

**भोपाल.** अवधपुरी के विद्याप्रमाण गुरुकुलम् में आठ दिन से चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन रविवार को जाप, हवन एवं भगवान जिनेन्द्र देव की विशाल रथयात्रा के साथ हुआ. प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया प्रातःकाल भगवान जिनेन्द्र देव का अभिषेक, शांतिधारा के उपरांत पूजन के पश्चात हवन किया गया, जिसमें मंत्रोच्चारण के साथ अग्निकुंड में आहुतियां प्रदान की गई. इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहा कि यदि तुम्हारी श्रद्धा भगवान के प्रति प्रगाढ़ हुई है तो आपके अंदर पलने वाली बुराइयों का त्याग हो जाना चाहिये.

**NASHIK MUNICIPAL CORPORATION, NASHIK**
**E-Tender Cell Department**
**Sinhastha Work - E-Tender Notice No.11 (2025-26)**

Nashik Municipal Corporation, Nashik Public Works Department vide E-Tender Notice No. 11 (Year 2025-26) invites bids for 01 number of works which will be displayed on the website www.mahatenders.gov.in. from dt.11/10/2025 to 24/10/2025 up to 3.00 pm. Last date for acceptance of tender will be dt.24/10/2025.

**Note** - All further necessary notices/clarifications will be published on the online website.

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**(Tender Cell)**
**Nashik Municipal Corporation**

जनसंपर्क/जा.क्र/२८४/२०२५ दि.१०/१०/२०२५ गोदा प्रदुषण टाळा, भविष्य संभाळा.